प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान में आज ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किये गये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
2. वित्तीय वर्ष 2025–26 के रेल बजट में उत्तर प्रदेश को आवंटित हुए 19 हज़ार 858 करोड़ रुपए : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– बजट से प्रदेश में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा विस्तार।
3. मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज शाम थमा प्रचार : 5 फरवरी को मतदान और 8 फरवरी को होगी मतगणना।

और

4. 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन : अब तक 6 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदक किये हासिल।

————————

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान में आज शाम 6 बजे तक दो करोड़ 33 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पावन स्नान के लिये आधी रात से ही संगम तट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में बसंत

पंचमी पर स्नान करने वाले सभी अखाड़ों, साधु संतों और श्रद्धालुओं को बधाई दी है। पेश है एक रिपोट......

*निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह सबसे पहले श्रीपंचायती अखाडा महानिर्वाणी और अटल अखाड़ेके साधु–संत पारंपरिक तरीके से भव्य रथों पर सवार होकर स्नान करने के लिये निकले। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ोंका नेतृत्व कर रहे नागा साधुओं ने पारंपरिक शस्त्र कौशल का प्रदर्शन किया। महाकुंभ के इस अंतिम अमृत स्नान पर प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ साथ सचिव स्तर के अधिकारियों को भी तैनाती की गयी है। साथ ही मेला क्षेत्र में डायवर्जन भी लागू किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानटुन पुलों को भी खोल दिया गया है।*

*प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अमृत स्नान की सभी गतिविधियों की निगरानी की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और अन्य अधिकारियों को घाटों और मेला क्षेत्र में पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए। वहीं आज के अमृत स्नान में शामिल हुए संतों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आज का स्नान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देवी सरस्वती के दिव्य अवतरण का दिन है। उन्होनें कहा कि सभी ने बिना किसी परेशानी के स्नान किया। वहीं जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने समुचित

व्यवस्था के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार का आभार जताया। बाइट.....

*माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के अत्यंत संवेदनशील,सभ्य श्रेष्ठ और संस्कारवान योगी आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ससंकल्प से आज हम स्नान कर सके। बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद।*

बसंत पंचमी के अवसर पर संगम में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि चाक चौबंद व्यवस्था के चलते उन्ह स्नान करने मे काफी आसानी हुई। बाइट.....

*बहुत अच्छी व्यवस्था है प्रशासन की और बहुत अच्छे ढंग से हम लोग संगम स्नान किएबिल्कुल भीड़भाड़ नहीं है कोई दिक्कत नहीं हुई और हम प्रशासन को धन्यवाद देना चाहेंगे। पुलिस कर्मियों का धन्यवाद करना चाहेंगे बहुत बढ़िया आज जो है बसंत पंचमी के पर्व पर हम श्रद्धालुओं ने स्नान किया कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई कोई भी अव्यवस्था नहीं हुई।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक का चौधरी चरण सिंह इंटर नेशनल एयरपोर्ट पर स्वागत किया। उनके स्वागत में एयरपोर्ट पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भूटान नरेश कल प्रयागराज महाकुम्भ में संगम पर पावन त्रिवेणी में स्नान और दर्शन–पूजन करेंगे।

———————

बसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। वहीं श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए परिवहन निगम ने

भी अस्थाई बस स्टेशनों पर पच्चीस सौ से अधिक बसें आरक्षित की हैं, जो हर पन्द्रह मिनट पर चलायी जा रही हैं, जबकि महाकुंभ क्षेत्र के नजदीकी स्थानों के लिए पांच सौ पचास शटल बसों को भी लगाया गया है।

———————

बसंत पंचमी के अवसर पर अयोध्या में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान किया। श्रीरामलला के दर्शनों के लिए भक्तों की लम्बी कतारें देखने को मिलीं। वहीं वाराणसी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में भी श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान किया। वृंदावन में आज से करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले होली पर्व की शुरुआत हो गई है। बांके बिहारी जी के मंदिर में देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं पर ठाकुरजी के चरणों में अर्पित अबीर–गुलाल भक्तों पर बरसाया गया।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

वित्तीय वर्ष 2025–26 के रेल बजट में प्रदेश को 19 हज़ार 858 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर रेल बजट में राज्यों के लिए दिए गए बजट और योजनाओं के बारे में जानकरी दी। इस वीडियो कांफ्रेंसिग में प्रदेश के लखनऊ, आगरा, झांसी, इज़्ज़तनगर, मुरादाबाद, प्रयागराज, और वाराणसी के रेलवे अधिकारी शामिल हुए। रेल मंत्री ने बताया कि इस बजट से ना सिर्फ प्रदेश में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तार मिलेगा, बल्कि यात्रियों को भी ज्यादा सहूलियत मिल सकेगी। बाइट.....

*हमारे उत्तर प्रदेश के लिए बहुत बड़ा एलोकेशन है उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन करोड़ रूपये और इससे उत्तर प्रदेश के पूरे रेलवे नेटवर्क का जो कायाकल्प हो रहा है, जो मोमेंटम है जिस तरह से काम तेजी से हो रहा है लगातार उत्तर प्रदेश के ट्रांस इन्फॉर्मेशन के लिए कृतसंकल्प है कटिबद्ध है। पूरे उत्तर प्रदेश में रेलवे में इन्वेस्टमेंट जो हो रहा है वो है एक लाख चार हजार करोड़ रुपये इतना मैसिव इन्वेस्टमेंट हो रहा है जैसे कि उत्तर प्रदेश का रेलवे नेटवर्क लोगों के और भी ज्यादा काम आए।*

इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए वाराणसी के उत्तर रेलवे के एडीआरएम लालजी चौधरी ने बताया कि रेलवे महाकुंभ सहित आम दिनों में भी यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बजट से रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। बाइट.....

*उन्होंने बताया की उन्नीस हज़ार पाँच सौ अट्ठावन करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश के लिएपूजन किया गया है। इसमें डबलिंग है ट्रिपलिंग है, फोर्थ लाइन है मेजर ब्रिज है एबीएसएस है और ट्रेने है इसमें सब नहीं चलाई जाएँगी। वाराणसी में मेजर वर्क सैंक्शन हो चुके है।*

आगरा के डीआरएम तेज प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में रेलवे के कइ प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। बजट आवंटन से इनको तेज़ी से पूरा किया जा सकेगा। इज़्ज़तनगर की मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने कानपुर के अनवरगंज से मंदना तक एलीवेटेड कारिडोर को स्वीकृति देने के लिए रेल मंत्री का आभार जताया। झांसी के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि आवंटित बजट से झांसी मंडल के विकास कार्यों में और तेजी आएगी। बाइट....

*झांसी मंडल में तरह तरह की परियोजनाएं जो चल रही है उसके लिए दो हज़ार पच्चीस छब्बीस में तेईस सौ चौंतालीस करोड़ रूपए का बजट मिला है। पिछले साल से चार चार परसेंट अधिक है। इसमें जो आलरेडी परियोजनाएं चल रही हैं जैसे गेज कन्वर्शन चल रहा है।*

———————

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार आज शाम थम गया है। प्रचार के आखरी दिन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। इससे पहले कल भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की थी। इस विधानसभा सीट पर सपा के अजीत प्रसाद, भाजपा के चंद्रभानु पासवान,

आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर 5 फरवरी को मतदान होना है जबकि मतगणना 8 फरवरी को होगी। उपचुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने पोलिंग पार्टिया की रवानगी और मतगणना की तैयारियों, स्ट्रांग रूम, आदि का स्थलीय निरीक्षण किया।

——————

38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खाते में अभी तक 6 गोल्ड, 5सिल्वर और 5 ब्रॉज़ मेडल आ गए हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में खुशी देखने को मिल रही है। प्रदेश के ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने इस सफलता का श्रेय प्रदेश सरकार की खेल प्रोत्साहन नीति को दिया है।

——————

उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025 के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड आज से जारी होने शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार अपने एडमिट काड uppbpb.gov.in से डाउन लोड कर सकते हैं।

——————

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह कल लखनऊ में कथक उस्ताद पंडित बिरजू महाराज जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पं बिरजू महाराज का कथक क्षेत्र में अद्वितीय योगदान है।

(समाप्त)